सत्यमेव जयते

पंचदश

बिहार विधान-सभा

एकादश सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-4

बृहस्पतिवार, तिथि $\frac{\text{21 अग्रहायण, 1935 (श0)}}{\text{12 दिसम्बर, 2013 (ई0)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या-02

(1) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग	01
(2) कृषि विभाग	01
कुल योग ..	02

नियुक्ति करना

5. श्री अरूण शंकर प्रसाद—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 18 अगस्त, 2013 को प्रकाशित शीर्षक "तीन वर्ष बाद भी बहाल न हो सके पशु मित्र" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी पंचायतों में पशु मित्र के पदों पर नियुक्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2011-12 में कैबिनेट की स्वीकृति दी गयी वर्ष 2012-13 के बजट में राशि का प्रावधान भी किया गया तथा वर्ष 2012-13 में ही जिला स्तर पर बहाली हेतु कमिटी भी गठित की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि पंचायतों में पशु मित्रों की बहाली हेतु वित्तीय वर्ष 2012-13 में विज्ञापन भी निकाला गया परन्तु अभीतक उक्त पदों पर बहाली की प्रक्रिया पूरी नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक पशु मित्रों के पद पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

"क" 6. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी—दिनांक 21 सितम्बर, 2013 को स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित समाचार शीर्षक "दस करोड़ का घपला" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 1992-93 से वर्ष 2010 तक प्रदेश में चलाये गये एकीकृत बंजर भूमि विकास कार्यक्रम पर खर्च हुई राशि में 10 करोड़ का घपला नवादा, भभूआ, रोहतास, सीतामढ़ी एवं मधुबनी जिला में हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार इस सरकारी राशि के घपला के लिये किन्हें दोषी मानती है तथा उनके विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

पटना :
दिनांक 12 दिसम्बर, 2013 (ई0)।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

"क"-राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के ज्ञापांक 355 (10), दिनांक 5 दिसम्बर, 2013 द्वारा कृषि विभाग को स्थानांतरित।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 114-डी0टी0पी0-450